कार्यालय जयपुर विकास प्राधिकरण,जयपुर।

क्रमांक:जविप्रा/स.स./बीपीसी/2002/डी-299 दिनांक:01/10/2002

विषय:- भवन मानचित्र समिति(ले-आउट प्लान)की बैठक 39..वीं दिनांक.27/9/2002.का कार्यवाही विवरण।

महोदय,

भवन मानिचत्र समिति(ले-आउट प्लान) की बैठक सं0.39.वीं दिनांक.27/9/2002 ~~प्रात~~:/~~सायं~~.3-00.बजे जयपुर विकास आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई,का कार्यवाही विवरण संलग्न कर प्रेषित किया जा रहा है।

भवदीय

सदस्य सचिव,
भवन मानचित्र समिति,
जयपुर विकास प्राधिकरण,जयपुर।

1. निजी सचिव, अध्यक्ष, जयपुर विकास प्राधिकरण एवं नगरीय विकास मंत्री, राजस्थान, जयपुर।
2. श्री तकीउद्दीन अहमद, विधायक
3. श्री अशोक तंवर, विधायक
4. श्री राजेन्द्र मावर, प्राधिकरण सदस्य
5. निजी सचिव, शासन सचिव, नगरीय विकास विभाग, राजस्थान, जयपुर।
6. वरिष्ठ निजी सचिव,आयुक्त,जविप्रा,जयपुर।
7. निजी सचिव, सचिव,जविप्रा,जयपुर।
8. निदेशक(आयोजना) जविप्रा,जयपुर।
9. अति.आयुक्त(भूमि) जविप्रा,जयपुर।
10. वरिष्ठ नगर नियोजक (एम.पी.) जविप्रा,जयपुर।
11. वरिष्ठ नगर नियोजक (प्रोजेक्ट) जविप्रा,जयपुर।
12. उपायुक्त, जोन...................,जविप्रा,जयपुर।
13. जनसम्पर्क अधिकारी, जविप्रा, जयपुर।

सदस्य सचिव,
भवन मानचित्र समिति

# कार्यालय जयपुर विकास प्राधिकरण,जयपुर।

भवन मानचित्र समिति(ले आउट प्लान) की 39वीं बैठक दिनांक 27-9-2002 को सम्पन्न हुई, जिसमें निम्नलिखित प्रकरणों पर भी विचार-विमर्श किया गया-

(1) विषय :- सिन्धु नगर गृह निर्माण सहकारी समिति की योजना सेंट्रल कॉलोनी के संबंध में। (जोन बी-3)

प्रकरण पर विचार-विमर्श किया गया और यह तय किया गया कि विद्युत शाखा,जविप्रा से मालूम किया जाये कि विभिन्न के.व. की एच.टी./एल.टी. लाइनों के लिए सुरक्षित दूरी कितनी रखी जाये उसके पश्चात ही प्रकरण में पर विचार-विमर्श किया जावे।

(2) विषय :- भैरव नगर गृह निर्माण सहकारी समिति की योजना हरी हर बिहार के अनुमोदन के संबंध में। (जोन बी-3)

प्रकरण में विचार-विमर्श किया गया और यह तय किया गया कि सबसे पहले प्रश्नगत क्षेत्र का सैक्टर प्लान बनाया जाये उसके पश्चात ही योजना के अनुमोदन पर विचार किया जाये।

कार्यालय जयपुर विकास प्राधिकरण, जयपुर।

कार्यवाही विवरण

**बीपीसी (ले आउट प्लान)** की दिनांक 27.09.2002 को सम्पन्न हुई बैठक में अध्यक्ष के अनुमोदन से निम्न एजेन्डा प्रस्तुत किये गये:-

1. गोविन्द गृ.नि.स.स. की योजना गोविन्द नगर विस्तार के अनुमोदन के संबंध में। (जोन ए-4)
2. माणिक्यपुरी गृ.नि.स.स. की योजना शंकर नगर (स्कीम नम्बर 10) के अनुमोदन के संबंध में। (जोन ए-4)
3. लक्ष्मी नगर गृ.नि.स.स. लि. की महावीर नगर योजना के अनुमोदन के संबंध में (जोन डी-2)

1. गोविन्द गृ.नि.स.स. की योजना गोविन्द नगर विस्तार के अनुमोदन के संबंध में - योजना को स्वीकृत किये जाने की अभिशंसा के कम में समिति के समक्ष उपायुक्त जोन ए-4 द्वारा प्रस्तुत एजेन्डा पर विचार विमर्श किया जाकर निर्णय लिया गया कि :-

    1. मौके पर भूखण्ड संख्या 166-ए नहीं हैं बल्कि सडक हैं अतः इसको हटाते हुए रोड मानचित्र में दर्शाया जावें।
    2. भूखण्ड संख्या 173 के पूर्व में 20 फिट की रोड में लगभग 14 फिट का अतिकमण हैं जिसे हटाया जावें।
    3. योजना मानचित्र वास्तुविद दिलीप कुमार द्वारा तैयार किया गया है जिन्होने इसे मौके की स्थिति के अनुसार तैयार नहीं करके उन्हे दिये गये मानचित्र की कॉपी मात्र हैं और जो मौके की स्थिति हैं उससे योजना मानचित्र प्रस्तुत नहीं किया गया हैं। अतः उनके खिलाफ कार्यवाही की जावें और इन्हे ब्लैक लिस्ट कर दिया जावें साथ ही इनके समस्त भुगतान रोक दिये जावें।

2. माणिक्यपुरी गृ.नि.स.स. की योजना शंकर नगर (स्कीम नम्बर 10) के अनुमोदन के संबंध में - योजना को स्वीकृत किये जाने की अभिशंसा के कम में समिति के समक्ष उपायुक्त जोन ए-4 द्वारा प्रस्तुत एजेन्डा पर विचार विमर्श किया जाकर निर्णय लिया गया कि :-

    1. चूंकि नाला पक्का निर्मित हो गया है और निर्मित नाले की चौडाई छोडने के पश्चात भूखण्ड संख्या 134 से 139, 152, 153, 143 से 147, 126 से 128-ए, 107, 108, 74 व 112 को अनुमोदित किया जावें।
    2. भूखण्ड संख्या 132, 148 से 151 के उपर से 66 किलोवाट की लाईन गुजरने के कारण उक्त भूखण्डों का नियमन नहीं किया जावें।
    3. भूखण्ड संख्या 111 एवं 75 का अधिकांश भाग नाले में आ जाने के कारण उक्त भूखण्डों का नियमन नहीं किया जावें।
    4. भूखण्ड संख्या 184, 215 का कुछ भाग नाले में आ जाता है अतः शेष बचे हुए भाग का नियमन किया जावें।

3. लक्ष्मी नगर गृ.नि.स.स. लि. की महावीर नगर योजना के अनुमोदन के संबंध में - उपायुक्त जोन डी-2 द्वारा प्रस्तुत एजेन्डा पर विचार विमर्श पश्चात निर्णय लिया गया कि योजना का माननीय जनप्रतिनिधियों द्वारा मौका निरिक्षण किया जाकर उपायुक्त द्वारा प्रकरण को आगामी बीपीसी (ले आउट प्लान) की बैठक में प्रस्तुत करें।

वरिष्ठ नगर नियोजक (एम.पी.)
जविप्रा, जयपुर।

कार्यालय जयपुर विकास प्राधिकरण,जयपुर।

बीपीसी(ले-आउट प्लान)की 39वीं बैठक दिनांक 27-9-02 का कार्यवाही विवरण।

1. खातेदार/गृह निर्माण सहकारी समिति का नाम :
2. योजना का नाम :
3. ग्राम का नाम व खसरा नं0 :
4. सैक्टर नंबर B-2 :

विषय:- राजस्व ग्राम बोड़ खातीपुरा तहसील जयपुर के खसरा नम्बर 245 रकबा 1 बीघा 13 बिस्वा में से कुल 1074.60 व.ग. आवेदित भूमि में से अजमेर सड़क एवं क्वीन्स सड़क के मार्गाधिकार क्षेत्र हेतु कुल 602.60 व.ग. भूमि काटने के पश्चात् शेष 472 व.ग. भूमि का भू-उपयोग आवासीय से व्यावसायिक किये जाने हेतु ।

---

प्रश्नगत प्रस्तावित भू-उपयोग उपान्तरण प्रकरण पर बैठक में गहन विचार किया जाकर आवेदक को भी बैठक में बुलाकर सुनाया गया ।

वाद विचार-विमर्श पश्चात् यह निर्णय लिया गया कि निदेशक (आयोजना) आवेदित भूमि का मौका निरीक्षण कर यह रिपोर्ट दे कि आवेदित भूमि पर निर्माण पुराना है अथवा नया निर्माण है तथा अजमेर एवं क्वीन्स सड़क पर स्थित इस महत्वपूर्ण टी. जंक्शन पर ट्रैफिक आवागमन का अध्ययन कर यह राय दें कि इस जंक्शन पर स्लिप लेन हेतु आवेदित भूमि में से कितनी भूमि की आवश्यकता होगी ।

उपरोक्त रिपोर्ट प्राप्त होने के पश्चात् समिति के सदस्यों द्वारा सामूहिक स्थल निरीक्षण किया जाकर प्रकरण को आगामी बैठक बी.पी.सी. (एल.पी.) में पुन: विचारार्थ एवं निर्णयार्थ रखा जावे ।

भवन मानिचत्र समिति(ले-आउट प्लान) की 39वीं बैठक दिनांक 27-9-2002 को सायं 3.00 बजे जयपुर विकास आयुक्त महोदय की अध्यक्षता में आयोजित की गई, जिसमें निम्न सदस्य उपस्थित हुए:-

| | | |
|---|---|---|
| 1. | श्री अशोक तंवर, विधायक | सदस्य |
| 2. | श्री राजेन्द्र मावर, प्राधिकरण सदस्य | सदस्य |
| 3. | श्री रोहित कुमार, सचिव, जविप्रा, जयपुर। | सदस्य |
| 4. | श्री एस.सी.महागांवकर, निदेशक(आयोजना)जविप्रा,जयपुर। | सदस्य |
| 5. | श्रीमती शुचि शर्मा, अति.आयुक्त(भूमि)पूर्व, जविप्रा,जयपुर। | सदस्य |
| 6. | श्री ओ.पी.यादव, अति.आयुक्त(भूमि)पश्चिम,जविप्रा,जयपुर। | सदस्य |
| 7. | श्री ए.एन.भार्गव,वरिष्ठ नगर नियोजक(बीपीसी) | सदस्य सचिव |

बैठक में निम्न अधिकारी भी उपस्थित थे-

1. श्री पी.अरविन्द, वरिष्ठ नगर नियोजक(एम.पी.)जविप्रा,
2. श्रीमती लवंग शर्मा,वरिष्ठ नगर नियोजक(प्रोजेक्ट)जविप्रा,जयपुर।
3. श्री नीरज तिवाडी, उप नगर नियोजक,(बीपीसी),जविप्रा,जयपुर।
4. श्री मुकेश मित्तल, उप नगर नियोजक(एम.पी.)जविप्रा,जयपुर।
5. श्रीमती आशा अवस्थी, उप नगर नियोजक(एम.पी.)जविप्रा,जयपुर।
6. श्री वी.पी. सिंह, उपायुक्त जोन बी-3,जविप्रा, जयपुर।
7. श्री श्रीपाल शर्मा, उपायुक्त जोन बी-6, जविप्रा,जयपुर।
8. श्री भीमा राम चौधरी, उपायुक्त जोन सी-2,जविप्रा,जयपुर।
9. श्री खान मोहम्मद, उपायुक्त जोन डी-2, जविप्रा, जयपुर।
10. श्री निरंजन खींचा, उपायुक्त, जोन लालकोठी, जविप्रा, जयपुर।
11. श्री अनन्त देव टांक,उप नगर नियोजक,लालकोठी,जविप्रा,जयपुर।
12. श्री हरिप्रसाद शर्मा, सहायक नगर नियोजक, जोन बी-3,जविप्रा,जयपुर।
13. सहायक नगर नियोजक, जोन बी-6,जविप्रा,जयपुर।
14. श्रीमती ऊषा जैन, सहायक जन सम्पर्क अधिकारी,जविप्रा,जयपुर।